GOVT. DIGVIJAY AUTONOMOUS PG COLLEGE,
RAJNANDGAON,
E-mail address: principal@digvijaycollege.com

Website: www.gdcr.ac.in

# Redressal & grivancess commeeti minutes register 2022-23

बैठक                    दिनांक
                        8.10.22

आज दिनांक 8.10.22 को ग्रीवेन्सेस एवं सीड्रेसल सेल की बैठक 3.30 बजे कान्फ्रेंस हाल में रखी गई है. प्राचार्य महोदय ने एक और पंजी संधारित करने का निर्देश दिया।

1) बैठक में छात्रों, कर्मचारियों आदि से प्राप्त शिकायती आवेदन का अवलोकन किया गया, प्राप्त आवेदनों पर यथा समय सकारात्मक कार्यवाही की गई। इन कार्यवाही की समीक्षा की गई।

2). महा. के सभी विभागाध्यक्षों को ~~खबर~~ सूचना की जाए कि छात्रों से प्राप्त आवेदनों को लिखित में प्राप्त करें।

3). महा. के प्राध्यापकों से भी लिखित आवेदन प्राप्त किए जाए।

4). सभी शिकायतों को संबंधित समीति को विभाग को भेजा जाए

5). महा. की शिकायत पेटी को नियमीत खोल कर देखा जाए

6). शिकायत निवारण समीति का Flex बैनर बनवाकर लगाया जाए,

7). शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के विषय में छात्र-छात्राओं में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाए ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इससे लाभांवित हो सकें।

बैठक में निम्न सदस्य गण उपस्थित थे,

1. डॉ. अनीता महीश्वर [signature]
2. डॉ. मीना प्रसाद [signature]
3. डॉ. सुरेश पटेल [signature]
4. डॉ. हेमन्त साव [signature]
5. चन्दन सोनी [signature]

[signature]

| क्र. | दिनांक | शिकायतकर्ता का नाम | विषय | की गई कार्यवाही | दिनांक | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20.04.22 | धनेश्वर B.A. III | पर्यावरण की पुस्तिका बाबत | तत्काल पर्यावरण प्राध्यापक को बताया गया तथा इस पर कार्यवाही की गई तथा तथा छात्र को भी वस्तुस्थिति बताई गई | 20.4.22 | |
| 2. | 26.9.22 | समाजकार्य विभाग के Students | अतिथि शिक्षक की आवश्यकता बाबत | अतिथि शिक्षक की व्यवस्था पूरी की गई | 27.9.22 | |
| 3. | 29.9.22 | दिनेश सोनी | शा. डि. म. वि. मे वापस आने बाबत | छात्र की शा. डि. म. वि. वापसी हेतु उचित कार्यवाही की गई एवं छात्र को अवगत कराया गया | 30.9.22 | |
| 4. | 7.10.22 | छात्र छात्राएं M.A. I | कक्षा में दो विषयों के लिए शिक्षक न होने के कारण शिक्षक व्यवस्था करने बाबत | शिक्षकों की व्यवस्था शासन स्तर पर की जाती है छात्रों को बताया गया तथा छात्र छात्राओं को लाभान्वित करने हेतु प्राचार्य महोदय ने जनभागीदारी से व्यवस्था का आश्वासन दिया | 7.10.22 | |
| 5. | 18.10.22 | कोमल निषाद B.A. III | कर्मचारी के खिलाफ शिकायत | प्राचार्य महोदय द्वारा कर्मचारी को चेतावनी दी गई कि वे अपना व्यवहार छात्र छात्राओं के साथ बेहतर करेंगे। | 18.10.22 | |

| क्र. | दिनांक | छात्र का नाम | विषय | की गई कार्यवाही | दिनांक | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | 10.10.22 | समस्त छात्र DMV, RJN. | वाचनालय में A.C. चलाने हेतु | विषय रजिस्ट्रार को बताया गया। तथा library की व्यवस्था देखी गई तथा छात्र-छात्राओं के शिकायत का निराकरण किया गया। बिजली विभाग से रजिस्ट्रार की बात हुई | 10.10.22 | |
| 7. | 16.10.22 | उज्ज्वल निर्मल | autonomous परीक्षा शुल्क में राहत हेतु | कुलसचिव/रजिस्ट्रार को अवगत कराया गया तथा नियंत्रक स्वशासी विभाग को दिया गया वे कार्यवाही का आश्वासन दिए | 10.10.22 | |
| 8 | 3.11.23<br>7.1.23 | योग्य विद्यार्थियों की शिकायत | जांच पर जांच प्रतिवेदन | अनुशासन समिति ने शिकायत पर बैठक बुलाई एवं अपना निर्णय दिया. निर्णय छात्र-छात्राओं को बता दिया गया | 8.11.23 | |

Principal
Govt. Digvijay College
Rajnandgaon (C.G.)

GOVT. DIGVIJAY AUTONOMOUS PG COLLEGE,
RAJNANDGAON,
E-mail address: principal@digvijaycollege.com

Website: www.gdcr.ac.in

# Women Cell minutes register 2022-23

## बैठक

दिनांक 15/9/22 को कॉन्फ्रेंस हॉल में 4 बजे महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई इस बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये।

1. महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा अपने खाली पिरेड में गर्ल्स कॉमन रूम में जाकर छात्राओं को साफ-सफाई रखने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा।

2. सदस्यों द्वारा अपने-अपने विभाग की तरफ की छात्राओं से समय-समय पर उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुए उसका निराकरण किया जायेगा।

3. बी.ए. बी.एस.सी. बी.कॉम प्रथम वर्ष में छात्राओं का प्रवेश हो चुका है वे भी गर्ल्स कॉमन रूम में पहुंचती है उन्हें भी वहाँ उपलब्ध मशीनों से पैड निकालने हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा।

4. एकेडमिक कैलेण्डर के अनुसार सितम्बर माह में महिला उद्यमिता जागरूकता शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है जो कि दिनांक 30.9.2022 को प्रस्तावित है। अक्टूबर माह में 11.10.22 को अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जायेगा।

5. अक्टूबर माह में 20.10.22 से 21.10.22 तीन दिवसीय महिला उद्यमिता कार्यक्रम I.Q.A.C एवं महिला प्रकोष्ठ के द्वारा किया जायेगा।

6. सभी संकायों से कुल 25 या 30 छात्राओं का चयन किया जायेगा जो महिला प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की व्यवस्था करने में टीम के सदस्यों को सहयोग प्रदान करेंगी, उक्त छात्रों को एक बैच भी प्रदान किया जायेगा।

बैठक में उपस्थित सदस्य-

1. प्रो. डॉ. प्रीति बाला टॉक
2. डॉ. दिव्या देशपाण्डे
3. प्रो. कविता साकुरे
4. डॉ. प्रियंका सिंह
5. प्रो. सीमा साहू
6. प्रो. सुमन कोचर

संयोजक

Principal
Govt. Digvijay College
Rajnandgaon (C.G.)

## बैठक

दिनांक 18.11.2022 को दोपहर 3.00 बजे आनंद मेला आयोजित करने हेतु महिला प्रकोष्ठ की बैठक प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये।

1. आनंद मेला दिनांक 22.11.2022 को आयोजित किया जायेगा, समय 10.00 बजे से 5.30 बजे तक।

2. आनंद मेला के लिए टैन्ट लगाया जायेगा, जिसमें 30 स्टाल होंगे, प्रत्येक स्टॉल को एक नाम दिया जायेगा।

3. प्रत्येक स्टॉल हेतु विद्यार्थियों को पंजीयन कराना होगा जिसमें 100 रुपये पंजीयन शुल्क विद्यार्थियों द्वारा जमा किया जायेगा।

- विद्यार्थियों हेतु निर्देश क्रमांक 4 से 10 तक

4. विद्यार्थी स्वयं स्टॉल की सजावट करेंगे साथ ही स्टॉल में कक्षा तथा फूड आइटम का नाम लिखेंगे।

5. महाविद्यालय के द्वारा केवल एक डेस्क की व्यवस्था की जायेगी इसके अलावा अन्य सामग्री जैसे - अतिरिक्त टेबल, खाद्य सामग्री, बर्तन, गैस आदि की व्यवस्था विद्यार्थियों को स्वयं करना होगा।

6. संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान स्टॉल में अनुशासन व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं स्टॉल लगाने वाले विद्यार्थियों की होगी।



7. भोज्य पदार्थ जो बेचे जायेंगे वे अत्यन्त शुद्ध होने चाहिए। किसी भी प्रकार की मिलावटी, बासी आदि सामग्री की बिक्री पूर्णतः निषिद्ध है।

8. विद्यार्थी अपने साथ डस्टबिन लेकर आयेंगे। कचरा उसी में जमा करेंगे। स्टॉल के आस-पास गन्दगी नहीं करेंगे। शाम को सारा कचरा कॉलेज डस्टबिन में डालकर आसपास का क्षेत्र साफ करके छुट्टी दी जायेगी।

9. किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रिक उपकरण लगाने की सुविधा महाविद्यालय की ओर से नहीं होगी।

10. महाविद्यालय में किसी भी बाहर के व्यक्ति का प्रवेश निषिद्ध है। सामग्री विद्यार्थियों द्वारा स्वयं बनाई जावेगी। अन्य निर्मित कदापि न लावें। बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध है।

11. कार्यक्रम में स्टॉल पुरस्कृत किए जावेंगे। मूल्यांकन का आधार स्वाद, स्वच्छता, पदार्थ निर्माण विधि, स्टॉल की सजावट एवं निर्णायकों की जिज्ञासा समाधान होगा।

12. पुरस्कार हेतु राशि ~~प्रथम~~ का प्रयोग विद्यार्थियों से प्राप्त पंजीयन शुल्क राशि का प्रयोग किया जायेगा। पुरस्कार के साथ ही बैनर, प्रमाण पत्र, पुष्पगुच्छ आदि सामग्री भी उक्त राशि से ही खरीदे जायेंगे।

बैठक में उपस्थित सदस्य
डॉ. नीता प्रसाद
डॉ. दिव्या देशपाण्डे
प्रो. कविता साकुरे
डॉ. प्रियंका सिंह
प्रो. सुमन कोचर

संयोजक

Principal
Govt. Digvijay College
Rajnandgaon (C.G.)

पुनश्च

1. स्टॉल की संख्या 28
2. कुल राशि 28×100 = 2800
3. व्यय (A) पुरस्कार राशि - 1500 (500+300+200+100+300+100)
   (B) प्रमाण पत्र - 550
   (C) बैनर - 550
   (D) बुके - 100
   कुल 2700

बचत - 100 रूपये



बैठक

दिनांक 20.12.2020 को महिला प्रकोष्ठ की बैठक प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये।

1. महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार 15 फरवरी के पश्चात आयोजित किया जायेगा।
2. छात्राओं के लिए स्किल डवलपमेन्ट के कार्यक्रम कराये जायेंगे।
3. छात्राओं को उद्यमिता के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए महिला बाल विकास विभाग से सहयोग लिया जायेगा।
4. छात्राओं के लिए काउंसलिंग के कार्यक्रम किये जायेंगे।
5. महाविद्यालय में महिला उद्यमिता मेला का आयोजन किया जायेगा।
6. छात्राओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जायेगी।
7. छात्राओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ा जायेगा।

P.T.O

8. महिला सशक्तिकरण पर उद्योग, खेल, सुरक्षा आदि विषयों पर एक कार्यशाला आयोजित की जावेगी।

बैठक में उपस्थित सदस्य

डॉ. मीना प्रसाद
प्रो. कविता साकुरे
डॉ. अनिता साहा
डॉ. आराधना गोस्वामी
प्रो. मंजरी सिंह
डॉ. प्रियंका सिंह

संयोजक

प्राचार्य



बैठक

दिनांक 10.1.2023 को महिला प्रकोष्ठ की बैठक महिला सेल में आयोजित की गई, इस बैठक में दिनांक 11.1.2023 से आयोजित होने वाली "आत्मरक्षा" हेतु कराटे प्रशिक्षण के विषय में निम्न निर्णय लिये गये।

प्रशिक्षण हेतु नाम दर्ज करवाने वाली छात्राओं की प्रतिदिन उपस्थिति ली जावेगी। पाँच दिन के प्रशिक्षण के पश्चात उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

बैठक में उपस्थित सदस्य

डॉ. मीना प्रसाद
डॉ. आराधना गोस्वामी
डॉ. अंजली ध्रुव
डॉ. प्रियंका सिंह

संयोजक

प्राचार्य

**GOVT. DIGVIJAY AUTONOMOUS PG COLLEGE, RAJNANDGAON,**
**E-mail address: principal@digvijaycollege.com**
**Website: www.gdcr.ac.in**

# Anti ragging Commeeti
# Minute register 2022-23

बैठक दिनांक - 18/07/2022

आज दिनांक 18/07/2022 को कॉन्फ्रेंस हॉल में अपराह्न 3:00 बजे एंटी रैगिंग समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ. अनिल मिश्रा -
2. डॉ. सुरेश पटेल - 18/07/22
3. श्री राजु खुँटे -
4. डॉ. दिव्या देशपाण्डे - 18/7/22
5. डॉ. सोनल मिश्रा - 18-7-22

- इस बैठक में महाविद्यालय परिसर में रैगिंग पर नियंत्रण रखने हेतु सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये -

1. महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर एंटी रैगिंग समिति के सदस्यों के नाम एवं मोबाइल नंबर चस्पा किये जावें।
2. महाविद्यालय की website में एंटी रैगिंग समिति के सदस्यों के नाम एवं मोबाइल नंबर Upload किये जावें।
3. रैगिंग में संलिप्त पाये जाने वाले विद्यार्थियों को सज़ा के प्रावधान के सम्बन्ध में फ्लैक्स का निर्माण कर महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर डिस्प्ले किया जावे।
4. महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों में रैगिंग के नियंत्रण हेतु क्षेत्रानुसार समिति का गठन किया जाना उचित होगा।

क्षेत्र :-
A. रूसा भवन
B. गणित भवन, स्वशासी विभाग, पुस्तकालय, रसायन शास्त्र विभाग, कैंटिन, संस्कृत विभाग
C. बॉयोटेक्नोलॉजी, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, इतिहास, राजनीतिविज्ञान, माइक्रोबॉयोलॉजी, पत्रकारिता (सृजन संवाद)
D. वाणिज्य विभाग, अंग्रेजी विभाग, छात्रा कॉमन रूम, A Block, B Block, अर्थशास्त्र विभाग, हिन्दी विभाग

5. अन्त में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु आयोजित इन्डक्शन कार्यक्रम में रैगिंग से सम्बन्धित जानकारी अवश्य दी जावे।

6. अन्त में समिति के समस्त सदस्यों द्वारा इस बात पर सन्तुष्टि व्यक्त की गई कि गत सत्र में किसी भी प्रकार कि रैगिंग की शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

(हस्ताक्षर)
डॉ. अनिल कुमार मिश्रा
(संयोजक)
एंटी रैगिंग कमेटी

प्राचार्य

बैठक में लिए गए प्रस्ताव पर आवश्यक कार्यवाही। सप्ताह में पूर्ण कर प्राचार्य को अवगत कराएं।

(हस्ताक्षर)
18/7/22

Principal
Govt. Digvijay College
Rajnandgaon (C.G.)